बिग डेटा पर UN पैनल में भारत का शामिल होना

[स्रोत: द हिंदू]

चर्चा में क्यों?

भारत हाल ही में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, **आधिकारिक सांख्यिकी के लिये बिग डेटा और डेटा साइंस पर प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों की समिति** में शामिल हो गया है, जो वैश्विक सांख्यिकीय ढाँचे में इसके बढ़ते प्रभाव का संकेत है।

आधिकारिक सांख्यिकी के लिये बिग डेटा और डेटा साइंस पर प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों की समिति (UN-CEBD) क्या है?

- **परिचय:**
  - **UN-CEBD संयुक्त राष्ट्र** के तहत एक विशेष निकाय है जिसकी स्थापना वैश्विक सांख्यिकीय प्रणालियों को मज़बूत करने के क्रम में **बिग डेटा एवं डेटा विज्ञान का लाभ** उठाने के लिये की गई है।
  - **इसका गठन वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग (UNSC)** के तत्वावधान में किया गया था।
- **सदस्य:**
  - इसके 31 सदस्य देश (भारत सहित) एवं 16 अंतर्राष्ट्रीय संगठन हैं।
- **उद्देश्य:**
  - **सतत् विकास लक्ष्यों (SDG)** से संबंधित प्रगति की निगरानी एवं रिपोर्टिंग में **बिग डेटा की भूमिका का अन्वेषण** करना।
  - आधिकारिक सांख्यिकी के लिये गैर-पारंपरिक डेटा स्रोतों के उपयोग से **संबंधित चुनौतियों** का समाधान करना।
- **क्रियान्वयन:**
  - **सलाहकार बोर्ड:** यह UN-CEBD के **प्रमुख प्रबंधन निकाय** के रूप में कार्य करता है और समिति के कार्य की समीक्षा करने तथा रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिये इसकी **वर्ष में लगभग 4 बार बैठक** होती है।
  - **संयुक्त राष्ट्र ब्यूरो:** इसके द्वारा **दिन-प्रतिदिन के कार्यों एवं प्रशासनिक कार्यों की देखरेख** की जाती है।
- **प्रमुख कार्य:**
  - **रणनीतिक समन्वय: यह समिति** [सतत् विकास के लिये 2030 एजेंडा] के **संकेतकों को ट्रैक करने** सहित आधिकारिक सांख्यिकी में बृहत् डेटा के उपयोग पर एक वैश्विक कार्यक्रम के लिये **दृष्टि, दिशा और समन्वय** प्रदान करती है।
  - **बिग डेटा के उपयोग को बढ़ावा देना:** यह संबद्ध क्षेत्र की **संबंधित चुनौतियों का समाधान करता है** एवं मौजूदा ढाँचे का उपयोग करते हुए सीमा-पार डेटा सहित **बिग डेटा के व्यावहारिक अनुप्रयोगों को** प्रोत्साहित करता है।
    - [उपग्रह इमेजरी], [IoT] और निजी क्षेत्र के डेटा सहित गैर-पारंपरिक डेटा स्रोतों के **अभिनव उपयोग को** प्रोत्साहित करता है।
  - **क्षमता निर्माण:** यह **प्रशिक्षण, अनुभव-साझाकरण, तकनीकी विशेषज्ञता का निर्माण और सदस्य देशों** को उनकी सांख्यिकीय प्रणालियों के आधुनिकीकरण के लिये तकनीकी **सहायता प्रदान करने के माध्यम से क्षमता बढ़ाने का कार्य करता है।**
  - **लोक विश्वास का निर्माण:** आधिकारिक सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिये बिग डेटा के उपयोग में जनता का विश्वास स्थापित करने की दिशा में कार्य करता है।

बिग डेटा क्या है?

- **परिचय:**
  - [बिग डेटा] से तात्पर्य **बृहत्, जटिल डेटासेट से है,** जिनका डेटा की परंपरागत प्रबंधन प्रणालियाँ कुशलतापूर्वक संग्रहीत, संसाधित या विश्लेषण नहीं कर सकती हैं।
  - इससे **बेहतर प्रक्रियाओं, बेहतर निर्णयन** और **उन्नत उत्पाद/सेवा विकास में सहायता मिलती है।**
- **भारत की बिग डेटा संबंधी पहल:**
  - [राष्ट्रीय डेटा एवं विश्लेषण प्लेटफॉर्म (NDAP)]
  - [बिग डेटा प्रबंधन नीति]
  - [आधिकारिक सांख्यिकी पर राष्ट्रीय डेटा वेयरहाउस]

चालक: बगि डेटा को संचालति करने वाले 6V हैं:

//



अनुप्रयोग:



संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग (UNSC)

- **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय सांख्यकिीय गतविधियों** संबंधी नरि्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है।
- इसकी स्थापना **1946 में हुई थी और यह** संयुक्त राष्ट्र आरथकि एवं सामाजकि परषिद (ECOSOC) का एक कार्यात्मक आयोग है।

UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. विकास की वर्तमान स्थिति में, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, निम्नलिखित में से किस कार्य को प्रभावी रूप से कर सकती है? (2020)

1. औद्योगिक इकाइयों में विद्युत् की खपत कम करना
2. सार्थक लघु कहानियों और गीतों की रचना
3. रोगों का निदान
4. टेक्स्ट से स्पीच (Text-to-Speech) में परिवर्तन
5. विद्युत् ऊर्जा का बेतार संचरण

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2, 3 और 5
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-joins-un-panel-on-big-data